# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :शिविरा–माध्य / मा–स / ELC/2021-22/184 दिनांक : 14.12.2022

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा।**

**विषय :–** Voter Helpline App (VHA) Voter Portal/NVSP Portal पर ऑनलाइन मतदाता पंजीयन करवाने एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम– 2023 दिनांक : 19.12.2022 को वीसी के आयोजन के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, निर्वाचन विभाग, जयपुर का क्रमांक : एफ. 4(3)(3)स्वीप / निर्वा / SSR-2023/10474 जयपुर दिनांक : 13.12.2022 (प्रति संलग्न) एवं इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 07.11.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि दिनांक : 09.11.2022 से 20.12.2022 तक की अवधि में सम्पन्न हो रहे मतदाता सूचियों के राज्य व्यापी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम– 2023 के अन्तर्गत राज्य की मतदाता सूचियों को अद्यतन करने के साथ ही उनके शुद्धीकरण का कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। इस बाबत् दिनांक : 19.12.2022 को 2.00 बजे से 4.00 बजे तक जिला स्तर पर आयोजित वी.सी. में अनिवार्य रूप से भाग लेना सुनिश्चित करें।

उक्त कार्यक्रम में इस कार्यालय के सम्बन्ध में सन्दर्भित पत्र दिनांक : 07.11.2022 द्वारा प्रत्येक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्होंने 17+ एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है का शत–प्रतिशत ऑनलाईन पंजीयन विद्यालयों में गठित ईएलसी के माध्यम से करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। ऐसे मतदाताओं का डाटा शाला दर्पण के माध्यम से स्कूल लॉगिन पर भी उपलब्ध करवाया गया है।

निर्देशित किया जाता है कि उक्त राष्ट्रीय कार्यक्रम को गम्भीरता से लेते हुए एवं ELC कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी होने के नाते आप अपने क्षेत्राधिकार में प्रत्येक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्होंने 17+ एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, जिनका शत–प्रतिशत ऑनलाईन पंजीयन दिनांक : 18.12.2022 से पूर्व Voter Helpline App (VHA) Voter Portal/NVSP Portal के माध्यम से किया जाने हेतु अपने क्षेत्राधिकार में समस्त संस्थाप्रधानों को इस बाबत् निर्देशित कर पालना सुनिश्चित करावें एवं निम्नांकित प्रारूप में प्रमाण पत्र चुनाव आयोग के ई–मेल ceojpr-rj@nic.in एवं इस कार्यालय के ई–मेल secondarydd35@gmail.com पर प्रेषित करावें।

दिनांक : 19.12.2022 को आयोज्य उल्लिखित वी.सी. में प्रमाण पत्र सहित भाग लिया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में एवं जानकारी हेतु प्रधानाचार्य एवं स्वीप प्रभारी राजस्थान श्रीमती शिखा सोनी, दूरभाष नं0 9214340035 से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**प्रमाण – पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि क्षेत्राधिकार के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्होंने 17+ एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है का Voter Helpline App (VHA) Voter Portal/NVSP Portal के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करवाया जा चुका है तथा कोई भी विद्यार्थी पंजीयन से शेष नहीं है।

**ह0 मय पदनाम**

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न – यथोक्त।**

(गौरव अग्रवाल)
**आइ.ए.एस.**
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, निर्वाचन विभाग, जयपुर

2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने बाबत्।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रेषित कर लेख है कि आप अपने कार्यालय के किसी अधिकारी को उक्त कार्य हेतु प्रभारी नियुक्त कर संभाग में प्रगति हेतु दिन ब दिन रिपोर्ट लेकर प्रबोधन की कार्यवाही पूर्ण करावें।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**SSR-2022 / अतिआवश्यक**

# राजस्थान सरकार
# निर्वाचन विभाग

**क्रमांकः** एफ.4(3)(3)स्वीप / निर्वा / SSR-2023 / 10474 **जयपुर, दिनांक :** 13.12.2022

**प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
राजस्थान, जयपुर।

**प्रेषित : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर)**
राजस्थान।

**विषय :** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम –2023 – दिनांक 19.12.2022 को वीसी के आयोजन के संबंध में ।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित दिनांक दिनांक 9 नवम्बर, 2022 से 20 दिसम्बर, 2022 तक की अवधि में सम्पन्न हो रहे मतदाता सूचियों के राज्यव्यापी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अन्तर्गत राज्य की मतदाता सूचियों को अद्यतन करने के साथ ही उनके शुद्विकरण का कार्य वर्तमान में सम्पन्न किया जा रहा है।

एसएसआर–2023 के दौरान 17+ व 18+ आयु वर्ग के सभी युवाओं का ईएलसी स्कूल / कॉलेज के सहयोग से मतदाता सूची में शत प्रतिशत पंजीकरण वोटर हेल्पलाइन एप अथवा बीएलओ के माध्यम किया जाना है।

अतः **दिनांक 19.12.2022 को 2.00 बजे से 4.00 बजे तक जिला स्तर पर आयोजित वी.सी.** में निम्नानुसार भाग लेना सुनिश्चित करावें –

पर वीसी का आयोजन किया जाना है–

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी
- जिला स्वीप नोडल अधिकारी
- समस्त ईआरओ
- समस्त समर्पित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी
- जिला ईएलसी नोडल अधिकारी (कॉलेज)
- जिला ईएलसी नोडल अधिकारी (स्कूल)
- जिला पीडब्ल्यूडी नोडल अधिकारी (उपनिदेशक / सहायक निदेशक–एसजेईडी)
- बीएलओ / सुपरवाइजर

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक 19.12.2022 को आयोजित वी.सी में निर्धारित समय पर भाग लेने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करावें।

**भवदीय,**
**(प्रवीण गुप्ता)**
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान
12/12

Rajasthan Education Department

**क्रमांकः** एफ.4(3)(3)स्वीप/निर्वा/SSR-2023/10474 जयपुर, दिनांक : 13.12.2022

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अति. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राज. जयपुर को प्रेषित कर अनुरोध है कि ईएलसी राज्य समन्वयक एवं समस्त जिला नोडल अधिकारी, ईएलसी (कॉलेज ) को उक्त वीसी में भाग लेने हेत निर्देशित करावें।
4. निदेशक, निदेशालय, स्कूल शिक्षा, राज. बीकानेर को प्रेषित कर अनुरोध है कि ईएलसी राज्य समन्वयक, समस्त जिला नोडल अधिकारी, ईएलसी (स्कूल) एवं विशेष शिक्षकों को उक्त वीसी में भाग लेने हेत निर्देशित करावें।
5. निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर, राजस्थान को प्रेषित कर निवेदन है कि समस्त जिला नोडल अधिकारी (उपनिदेशक), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान को निर्देशित करावें।
6. समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राजस्थान।

प्रभारी अधिकारी (स्वीप)
राजस्थान

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

152

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

शिविरा–माध्य/मा–स/ELC/2021-22/152 दिनांक : 07.11.2022

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा।**

**विषय :–** Voter Helpline App/Voter Portal पर ऑनलाइन मतदाता पंजीयन हेतु क्लस्टर कैम्पों का आयोजन बाबत्।

**प्रसंग :–** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, निर्वाचन विभाग, जयपुर का कमांक : एफ. 3)(3)स्वीप/निर्वा/SSR-2023/9244 जयपुर दिनांक : 03.11.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के कम में लेख है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, निर्वाचन विभाग, जयपुर द्वारा पत्र प्रेषित करते हुए अवगत करवाया है कि निर्वाचक नामावली (Electoral Roll) में नाम जुड़वाने हेतु साल में 04 अवसर (01 जनवरी, 01 अप्रेल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2023) को प्रदान किये गये हैं। अतः 2023 में 17 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र/छात्राएं Voter Helpline/Voter Portal पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

अतः प्रासंगिक पत्र की छायां प्रति संलग्न कर लेख है कि Voter Helpline/Voter Portal पर ऑनलाइन मतदाता पंजीयन हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, निर्वाचन विभाग, जयपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाते हुए निम्नानुसार तिथियों को कलस्टर कैम्पों का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

| दिनांक | आयोजक कार्यालय | सहयोगी/समन्वयक | स्थान | वोटर मित्र |
|---|---|---|---|---|
| 12.11.2022 (शनिवार)<br>26.11.2022 (शनिवार)<br>03.12.2022 (शनिवार) | • DEO<br>• DY DEO<br>• OIC SVEEP<br>• ERO<br>• BLO/SUPERVISOR<br>• DISTRICT ELC (SCHOOL/COLLEGE NODAL) | ईएलसी स्कूल/कॉलेज नोडल अधिकारी एनएसएस<br>DoIT Personnel to facilitate Hands-on-Registration | कॉलेज/ उमावि विद्यालय | 4–5 चिन्हित कॉलेज विद्यार्थी |

इस हेतु समस्त संस्था प्रधानों को उक्त कार्यक्रम अनुसार क्लस्टर कैम्पों का आयोजन एवं समन्वय हेतु निर्देशित करावें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न – यथोक्त**

**(रमेश कुमार हर्ष)**
उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, निर्वाचन विभाग, जयपुर
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने बाबत्।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर



https://mail.google.com/mail/u/0/?ik=99badb5a33&view=pt&search=all&permmsgid=msg-a%3Ar7632455507432589332&dsqt=1&simpl=msg-a% 1/1